थॉमस पी. डनिापोली, स्टेट कॉम्प्ट्रोलर    केनेथ बी. ब्लेवास, डप्टिी कॉम्प्ट्रोलर

# ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया का आर्थिक विवरण

## मुख्य बातें

- वर्ष 2009 तथा 2017 के बीच जैक्सन हाइट्स के कर योग्य व्यवसाय सेल्स में 72 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो क्वींस तथा सिटी से कहीं ज्यादा है।
- 2018 में प्राइवेट सेक्टर का रोजगार 20,900 तक जा पहुँचा, जो 2009 में 23 फीसदी से अधिक है।
- वर्ष 2010 में 10.3 से 2017 में 4.2 तक जा पहुँचा।
- माध्य घरेलू आय में वर्ष 2012 तथा 2017 के बीच 31 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो क्वींस तथा सिटी से कहीं ज्यादा है। इसके बावजूद, माध्य ($56,600) क्वींस के समग्र ($64,500) में कम था।
- वर्ष 2017 में, 63 कार्यशाली-आयु वाले निवासी ने रोजगार प्राप्त या अपने खुद के व्यवसायों का संचालन किया, जो सिटी तथा देश की तुलना में कही अधिक था।
- प्रवासियों ने क्षेत्र के स्व-रोजगार प्राप्त लोगों के 90 फीसदी का निरूपण किया, जो सिटी के 55 मुहल्लों के बीच सबसे अधिक की हिस्सेदारी थी।
- निर्धनता दर वर्ष 2010 में 20 फीसदी से घटकर वर्ष 2017 में 13 तक जा गिरा, जो शहर की दर से काफी कम थी और शहर के 55 मुहल्लों के बीच दूसरी सबसे बड़ी गिरावट रही।
- लगभग दो तिहाई परिवारों नें अपनी आय का 30 फीसदी हिस्सा वर्ष 2017 में किराए में खर्च किया, जो 2009 में 54 फीसदी के स्तर पर था।
- लगभग आधे से कम निवासी (2017 में 49) अंग्रेजी भाषा में दक्ष थे, जो शहरवार हिस्सेदारी की (77 फीसदी) की तुलना में कम था।
- निवासियों के तीन चौथाई लोग 25 फीसदी की आयु और उससे अधिक के थे जिनके पास हाई स्कूल डिप्लोमा की डिग्री थी, पर केवल पाँचवें हिस्से के पास ही बैचलर की डिग्री थी।
- 19 पारंपरिक एलीमेंटरी तथा मिडल स्कूलों में से सत्रह स्कूल क्षमता से अधिक भरे हुए थे।

ग्रेटर जैक्सन हाइट्स क्षेत्र क्वींस का उत्तरपश्चिमी हिस्सा (जिसमें ईस्ट एमहर्स्ट तथा नॉर्थ कोरोना) है, न्यूयॉर्क सिटी के सर्वाधिक विविध समुदायों में एक है, जिनके प्रवासी दुनिया भर में फैले हुए हैं।

वर्ष 2017 में प्रवासियों ने क्षेत्र की आबादी का 60 हिस्सा निर्मित किया, जो शहरवार तथा राष्ट्रीय हिस्सेदारियों की तुलना में काफी अधिक थी। प्रवासियों ने रोजगार प्राप्त निवासियों के तीन-चौथाई से भी अधिक का हिस्सा निर्मित किया जो न्यूयॉर्क सिटी के 55 जनगणना-परिभाषित मुहल्लों के बीच दूसरी-सबसे अधिक हिस्सेदारी थी।

आर्थिक मंदी के अंत से बड़ी तादाद में व्यवसायी जैक्शन हाईट्स में आते रहे हैं। वर्ष 2018 में 3,300 व्यवसाय थे, जो 2009 की तुलना में 660 अधिक थे। इस क्षेत्र के कई व्यवसाय छोटे रिटेल शॉप तथा रेस्त्रां हैं, जो इस इलाके की विविधता को प्रदर्शित करते हैं।

नए व्यवसायों के साथ ही रोजगारों में भी वृद्धि हुई है। वर्स 2009 से, इस इलाके में 4,000 निजी सेक्टर की नौकरियाँ शामिल हुई थीं, जिन्होंने निवासियों के लिए अवसरों का निर्माण किया।

कई लोगों का मानना है कि यूएस जनगणना ने वर्ष 2010 में जैक्शन हाईट की जनसंख्या की सही गणना नहीं की। वर्ष 2020 में एक सही गणना अहम होगी, क्योंकि ये नतीजे संघीय निधियों के विवरण तथा कांग्रेस के प्रतिनिधित्व का निर्धारण करेंगे।

ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया का उत्साही प्रवासी समुदाय स्थानीय अर्थव्यवस्था का संचालन शक्ति है। अपनी सांस्कृतिक विविधता, प्रबल उद्यम भावना तथा मैनहट्टन से निकटता के कारण यह इलाका आज भी नए निवासियों तथा विजिटरों को खूब लुभा रहा है। पिछले दशक में जहाँ महत्वपूर्ण उन्नति हुई है, अभी भी कई चुनौतियाँ मौजूद हैं, जिनमें अधिक किफ़ायती हाउसिंग की आवश्यकता शामिल है।

## परिचय

ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया न्यूयॉर्क सिटीके 55 में से एक मुहल्ला है, जिसे यूएस सेंसस ब्यूरो द्वारा परिभाषित है। यह मुहल्ला उत्तर-पश्चिमी क्वींस में स्थित है तथा यह कम्युनिटी बोर्ड 3 तक लगा हुआ है। यह इलाका लागुआर्डिया एयरपोर्ट, ग्रांड सेंट्रल पार्कवे, रूजवेल्ट अवेन्यू तथा बुकलिन क्वींस एक्सप्रेसवे (चित्र 1 देखें) की सीमा तक फैला हुआ है।

जैक्सन हाइट्स वर्ष 1916 में देश का पहला गार्डन-अपार्टमेंट कम्युनिटी था। यह ऐतिहासिक डिस्ट्रिक्ट्स, जिसमें कई गार्डन अमार्टमेंट के समूह तथा एकल-परिवार वाले घर शामिल हैं, नॉर्दर्न बुलवार्ड तथा रुजवेल्ट अवेन्यू के बीच 93वें स्ट्रीट से लेकर 69 स्ट्रीट तक फैला हुआ है।

यह बहुसांस्कृतिक मुहल्ला है, जिसमें कई अलग-अलग लेटिन अमेरिकी तथा दक्षिण एशियाई देशों के निवासियों तथा व्यवसायियों का घनत्व है। मुख्य रिटेल थॉरोफेयर्स में शामिल हैं- 37th तथा रुजवेल्ट अवेन्यूज तथा 73rd, 74th, तथा 82nd स्ट्रीट्स। इस क्षेत्र को इसके स्ट्रीट विक्रेताओं, ख़ासकर फूड कार्ट के लिए भी जाना जाता है।

जैक्सन हाइट्स में एक बड़ा LGBTQ समुदाय रहता है और यह क्वींस प्राइड परेड का स्थान है, जो न्यूयॉर्क महानगरीय क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा प्राइड सेलीब्रेशन है।

रुजवेल्ट अवेन्यू सबवे स्टेशन क्वींस में दूसरा सबसे व्यवस्त स्टेशन है तथा यह मैनहट्टन से थोड़ी ही दूरी पर स्थित है। यह मुहल्ला लेक्सिंगटन स्कूल तथा सेंटर फ़ॉर डीफ़ का स्थल है, जिसकी स्थापना 1865 में हुई थी और यहां बुलोवा कॉरपोरेट सेंटर स्थित है। भले ही इस मुहल्ले में हरे-भरे स्थानों की कमी है, पर यह फ्लशिंग मीडोज कोरोना पार्क के निकट है, जो सिटी का दूसरा सबसे बड़ा पार्क है।

**चित्र 1**
ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया





## जनांकिकी प्रवृत्तियां

यूएस सेंसस ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2017 में ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया की जनसंख्या 170,200 थी।[1] यहाँ की आबादी का 60 फीसदी हिस्सा प्रवासियों से निर्मित था, जो शहरवार (37 फीसदी) तथा राष्ट्रीय हिस्सेदारी (14 फीसदी) से कहीं अधिक है। यह सिटी के 55 मुहल्लों में दूसरी-सबसे बड़ी हिस्सेदारी था।

जैक्सन हाइट्स इलाके में 102,300 प्रवासी निवास करते हे। इक्वाडोरियन लोगों का समूह सबसे बड़ा था (चित्र 2 देखिए), जो प्रवासी आबादी का पाँचवा हिस्सा (20,800) निर्मित करता था। डोमिनिकन दूसरे सबसे बड़े समूह थे (14,400), जिसके बाद मेक्सिकन लोगों की संख्या (11,800) थी। यहाँ बंग्लादेशी, कोलम्बियन, पेरिवियन, चीनी तथा भारतीय लोग भी काफी तादाद में निवास करते हैं। सिटी के मुहल्लों में, जैक्सन आइट्स इलाके में इक्वाडोर, मेक्सिको, बंग्लादेश तथा कोलम्बिया के प्रवासियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या थी।

**चित्र 2**
मूल देश द्वारा जैक्सन हाईट्स एरिया में प्रवास




स्रोत: अमेरिका सेंसस ब्यूरो, अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे 1-वर्ष फ़ाइल; OSC विश्लेषण

वर्ष 2017 में, 60 फीसदी निवासी (मूल तथा प्रवासी दोनों) हिस्पैनिक थे, 19 फीसदी एशियाई, 12 फीसदी श्वेत तथा 5 फीसदी अश्वेत तथा अफ्रीकी अमेरिकन थे। औसत परिवार के आकार में तीन लोग थे, जो शहरवार औसत के मुकाबले (2.5 लोग) से अधिक था।

ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया में मध्य आयु 38 थी, जो शहरवार माध्य (37) के समान ही थी। हालांकि, मुहल्ले के आधार पर माध्य आयु अलग-अलग थी, जो नॉर्थ कोरोना में 31 से लेकर जैक्सन हाईट्स प्रॉपर में 40 थी।

नॉर्थ कोरोना में, बच्चों ने आबादी में बड़ी हिस्सेदारी दिखाई (28 फीसदी) जो शहरवार आंकड़े (22 फीसदी) से अधिक है, जबकि शहरवार (12 फीसदी) की तुलना में बुजुर्गों ने जैक्सन हाइट्स की आबादी में अधिक हिस्सेदारी प्रदर्शित की (15 फीसदी)।

इस क्षेत्र के ज्यादातर निवासी घर पर अंग्रेजी के अलावा कोई एक भाषा बोलते थे, (81 फीसदी), जिसकी संख्या शहरवार हिस्सेदारी (49 फीसदी) तथा राष्ट्रवार आंकड़े से (22 फीसदी) से कहीं ज्यादा थी। आधे से कम निवासी अंग्रेजी भाषा में दक्ष थे, जो शहरवार हिस्सेदारी की (77 फीसदी) की तुलना में कम था। सिटी के 55 मुहल्लों में से एक, जैक्सन हाइट्स एरिया को अंग्रेजी दक्षता में 54वां दर्ज़ा किया गया। हालांकि, 5 से 17 वर्ष की आयु के बीच के बच्चों में दक्षता दर काफी अधिक थी (84 फीसदी)।

इस एरिया के तीन चौथाई निवासी जो 25 वर्ष तथा ऊपर की आयु के थे, के पास हाई स्कूल डिप्लोमा थी, जो शहरवार हिस्सेदारी (82 फीसदी) से कम थी। नॉर्थ कोरोना में, केवल आधे निवासियों के पास (54 फीसदी) एक हाई स्कूल डिप्लोमा था।

उसी प्रकार, जहाँ इलाके के निवासियों का पाँचवें हिस्सा (21 फीसदी) के पास कम से कम एक बैचलर डिग्री थी, पर शहरवार आंकड़े (37 फीसदी) की तुलना में यह कम थी। नॉर्थ कोरोना के केवल 8 फीसदी निवासियों के पास एक कॉलेज डिग्री थी।

NYU फरमैन सेंटर के अनुसार, ग्रेटर जैक्सन हाईट्स के परिवारों के 10 फीसदी से अधिक परिवार क्षमता से अधिक भरे हुए थे, जो निकट के एमहर्स्ट-कोरोना एरिया के बाद दूसरे स्थान पर था।

## व्यवसाय प्रवृत्तियाँ

वर्ष 2018 में, ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया में लगभग 3,300 व्यवसाय स्थित थे, जो 2009 की तुलना में 660 अधिक थे। यह 25 फीसदी की वृद्धि दिखाता है, जो क्वींस की विकास दर (22 फीसदी) तथा शहर की विकास दर (17 फीसदी) से ज्यादा तेज थी। मजबूत विकास के बावजूद, बढ़ते किरायों के एवज में हाई टर्नओवर देखी गई है।


सभी व्यवसायों का पाँचवा हिस्सा रिटेल स्टोर्स थे, जो क्वींस या शहरवार आंकड़ों से अधिक थे। रेस्रां की संख्या काफी बढ़ी, जहाँ 100 से भी नए प्रतिस्थान खोले गए। निर्माण फ़र्मों, ग्रॉसरी स्टोर्स तथा बाल तथा नाखून सैलूनों की संख्या में भी काफी वृद्धि देखी गई।

लगभग तीन चौथाई व्यवसायों में पाँच कर्मचारियों से कम थे, और 88 फीसदी के पास 10 से कम कर्मचारी थे। केवल सात फ़र्मों के पास ही 250 या अधिक कर्मचारी थे।

वर्ष 2009 से करयोग्य व्यवसाय सेल्स में 72 की वृद्धि हुई जो 2017 में $473 मिलियन हो गई (नवीनतम वर्ष जिसके लिए डेटा उपलब्ध हैं; देखिए चित्र 3)।[2] यह विकास क्वींस (54 फीसदी) तथा शहरवार (50 फीसदी) से अधिक तेज था।

एक विवादास्पद प्रॉजेक्ट को हाल ही में मंजूरी दी गई, जो 82nd स्ट्रीट पर एक नया व्यापारिक तथा रिटेल व्यवसाय लाएगा (टार्गेट समेत)। हालांकि, ऐसी चिंता जताई जाती है कि इस विकास से मुहल्ले का व्यवसाय बाधित हो सकता है और जेंट्रिफिकेशन को हवा मिलेगी।

**चित्र 3**
जैक्सन हाईट्स एरिया में व्यवसाय सेल्स





नोट: 1 मार्च से लेकर अगले कैलेंडर वर्ष में फरवरी के आखिर तक की अवधि के लिए वार्षिक कर योग्य सेल्स डेटा।
स्रोत: NYC डिपार्टमेंट ऑफ़ फ़ाइनेंस; OSC विश्लेषण

## रोजगार प्रवृत्तियाँ

जैक्सन हाइट्स में निजी क्षेत्र के रोजगार में 2009 तथा 2015 के बीच लगभग 23 फीसदी वृद्धि हुई। हालांकि, अगले दो सालों में नौकरी की वृद्धि धीमी रही और वर्ष 2018 में हल्की गिरावट आई, इस मुहल्ले ने वर्ष 2009 से 4,000 निजी क्षेत्र की नौकरी प्रदान की , और रोजगार को बढ़ाकर 20,900 कर दिया (देखें चित्र 4)। यह 23 फीसदी वृद्धि को दर्शाता है, जो इसी अवधि में शहरवार वृद्धि से जरा ही कम है। दो-तिहारी रोजगार रिटेल, विनिर्माण तथा अवकाश तथा आतिथ्य क्षेत्र में जुड़े।

**चित्र 4**
निजी क्षेत्र का रोजगार





स्रोत: NYC डिपार्टमेंट ऑफ़ लेबर; OSC विश्लेषण

कुल वेतन (जो औसत वेतन तथा रोजगार दोनों दर्शाता है) वर्ष 2009 से 42 फीसदी बढ़कर 2018 में $885 हो गया। औसत निजी सेक्टर वेतन में इसी अवधि में 15 फीसदी की वृद्धि हुई, जो बढ़कर $42,400 हुआ। भले ही क्वींस से अधिक तेज विकास दर रही हो, पर जैक्सन हाइट्स इलाके में औसत वेतन अभी भी क्वींस ($50,300) में औसत वेतन से कम था।

रिटेल ट्रेड (4,600 नौकरियों तथा एक औसत वेतन $34,100 के साथ) जैक्सन हाइट्स का सबसे बड़ा रोजगार सेक्टर था, जो सभी निजी सेक्टर जॉबों का पाँचवां हिस्सा था (चित्र देखें 5)। इस सेक्टर में 45 फीसदी की वृद्धि हुई और वर्ष 2009 तथा 2018 के बीच किसी भी अन्य सेक्टर की तुलना में अधिक नौकरियाँ प्रदान की, जहाँ 1,400 से अधिक का इज़ाफ़ा हुआ (देखें चित्र 6, अगला पेज)। शामिल नौकरियों में से तीन-चौथाई से अधिक भोजन, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कपड़े के स्टोरों में थी।

**चित्र 5**
रोजगार का वितरण, 2018




स्रोत: NYC डिपार्टमेंट ऑफ़ लेबर; OSC विश्लेषण


अवकाश तथा आतिथ्य सेक्टर (3,300 नौकरियों तथा औसत $27,300 वेतन के साथ) निजी सेक्टर के रोजगार में 16 फीसदी योगदान के लिए जिम्मेदार रहा। ज्यादातर नौकरियाँ रेस्त्रां में थीं। इस सेक्टर ने 2009 तथा 2018 के बीच 560 नौकरियाँ प्रदान की, जो 20 फीसदी का इज़ाफ़ा था।

हेल्थकेयर (2,900 नौकरियों तथा औसत $ 47,200 वेतन के साथ) निजी सेक्टर के रोजगार में 14 फीसदी योगदान के लिए जिम्मेदार रहा। नौकरियों के तीन-चौथाई से अधिक हिस्सा दवा वाले हेल्थ केयर सेवाओं में थीं, जिनमें डॉक्टर तथा डेंटिस्ट कार्यालय, डायग्नॉस्टिक लैब्स तथा घरेलू हेल्थ केयर सेवाएं शामिल थीं।

भले ही इस मुहल्ले ने 2015 तथा 2017 के बीच 450 हेल्थ केयर नौकरियाँ खो दीं, पर 2018 में 38 फीसदी नौकरियों की प्राप्ति भी हुई। NYC हेल्थ + हॉस्पिटल जैक्सन हाइट्स में एक सामुदायिक हेल्थ सेंटर का निर्माण करेगा, जो व्यापक, वन-स्टॉप दवाखाना सेवाएं प्रदान करेगा।

वित्तीय गतिविधियों का सेक्टर (1,500 नौकरियों तथा औसत $ 40,900 वेतन के साथ) निजी सेक्टर के रोजगार में 7 फीसदी योगदान के लिए जिम्मेदार रहा। ज्यादातर नौकरियाँ बैंकिंग, रीयल एस्टेट तथा कार रेंटल सेवाओं में थीं। इस सेक्टर ने वर्ष 2009 से काफी कम वृद्धि दिखाई।

**चित्र 6**
**ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया, 2009-2018 में रोजगार में हुए बड़े बदलाव**




स्रोत: NYC डिपार्टमेंट ऑफ़ लेबर; OSC विश्लेषण

निर्माण सेक्टर (1,450 नौकरियों तथा औसत $ 57,240 वेतन के साथ) निजी सेक्टर के रोजगार में 7 फीसदी योगदान के लिए जिम्मेदार रहा। इस उद्योग ने 2009 तथा 2017 के बीच 1,200 नौकरियाँ शामिल कीं, पर आधी वृद्धि 2018 में घट गई।

परिवहन तथा वेयरहाउसिंग सेक्टर (1,400 नौकरियों तथा औसत $ 74,300 वेतन के साथ) निजी सेक्टर के रोजगार में 7 फीसदी योगदान के लिए जिम्मेदार रहा। आधी नौकरियाँ निजी बस कंपनियों में थीं और एक तिहाई से अधिक एयर ट्रांसपोर्टेशन में थी। इस सेक्टर ने 2009 तथा 2018 के बीच 350 नौकरियाँ प्रदान की, जो 33 फीसदी का इज़ाफ़ा था।

शिक्षण सेवा सेक्टर (1,400 नौकरियों तथा औसतन $44,600 के वेतन के साथ) ने 2009 तथा 2018 के बीच 400 नौकरियाँ शामिल कीं, जो 42 फीसदी का इजाफ़ा था। ज्यादातन नौकरियाँ निजी एलीमेंटरी तथा सेकंडरी स्कूलों तथा विशेष स्कूलों में थीं।

पर्सनल सेवा सेक्टर (1,300 नौकरियों तथा एक औसतन वेतन $33,200 के साथ) में ड्राय क्लीनर्स, ऑटो रिपेयर शॉप तथा हेयर तथा नेल सैलून शामिल हैं। इस सेक्टर ने 2009 से 300 नौकरियाँ प्रदान की, जो 34 फीसदी का इज़ाफ़ा था।

## लागुआर्डिया एयरपोर्ट पर स्पॉटलाइट

जैक्सन हाइट्स एरिया के उत्तर में स्थित लागुआर्डिया एयरपोर्ट है, जो यूरोप के लिए नन-स्टॉप सेवा देने वाला देश का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। जैक्सन हाइट्स में नौकरियों की एक अहम संख्या लागुआर्डिया से इसकी समीपता के कारण है। इसके अलावा, यह एयरपोर्ट स्थानी निवासियों के लिए रोजगार अवसर प्रदान करता है।

2018 में 12,700 नौकरियाँ शामिल हुईं, जो 2009 से 83 फीसदी की वृद्धि है। एयरपोर्ट की नौकरियों में अच्छे पैसे मिलते हैं, जहाँ औसतन $82,000 का वेतन है। न्यूयॉर्क तथा न्यूजर्सी के पोर्ट प्राधिकार के अनुसार, लागुआर्डिया ने क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधि में $18.7 बिलियन से अधिक का योगदान दिया।

इस एयरपोर्ट में अत्यंत आवश्यक नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। निजी वित्तीयन से पुनर्विकास की $8 बिलियन लागत के 80 फीसदी तक हासिल होने की उम्मीद है।

सेंट्रल टर्मिनल बिल्डिंग (टर्मिनल बी) के आधुनिकीकरण पर 2016 में कार्य आरंभ हुआ। दिसम्बर 2018 तक, 18 द्वारों में से 11 खुल गए। 3,100 पब्लिक पार्किंग स्थान वाले एक नया पार्किंग गैरेज का उद्घाटन फरवरी 2018 को किया गया। शेष सात द्वारों को (पैदल पुल और अतिरिक्त कॉन्कोर्सेस के साथ) 2020 में खोला जाना है। वर्ष 2017 में, टर्मिनल सी तथा डी के डेल्टा एयरलाइंस रिनोवेशन पर कार्य चालू हुआ, जिन्हें फिर से विकसित किया जाएगा और टर्मिनल्स शामिल होंगे।

लागुआर्डिया रीडेपलपमेंट टीम ने कम्युनिटी बोर्ड तथा अन्य स्थानीय तथा अन्य स्थानीय बैठकों में भाग लिया, जिसमें प्रॉजेक्ट के बारे में निवासियों को सूचित रखने की पहल की गई। एयरपोर्ट ऑपरच्युनिटी काउंसिल लागुआर्डिया तथा जॉन एफ़ कैनेडी एयरपोर्ट्स पर विमानन में रोजगार अवसरों के लिए रोजाना भर्ती करता है।

पोर्ट प्राधिकार ने लागुआर्डिया एयरट्रेन के विकास के लिए $1.5 बिलियन का बजट तैयार किया है। यह एयरट्रेन एयरपोर्ट को न्यूयॉर्क सिटी सबवे तथा विलेट्स प्वाइंट में लॉन्ग आइलैंड रेल रोड को जोड़ेगा। एयरट्रेन मिडटाउन मैनहट्टन के लिए 30-मिनट का रेल कनेक्शन प्रदान करेगा।

## कार्यबल में सक्रिय निवासी

यूएस सेंसस ब्यूरो के अनुसार ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया के 63 फीसदी कार्यशील-आयु की आबादी (85,530 निवासी) ने नौकरियां हासिल कीं और 2017 में अपने खुद के व्यवसाय संचालित किए, जो क्वींस (61 फीसदी) तथा सिटी (60 फीसदी) से कहीं अधिक है। प्रवासियों ने रोजगार प्राप्त निवासियों के तीन-चौथाई से भी अधिक का हिस्सा निर्मित किया जो न्यूयॉर्क सिटी के 55 मुहल्लों के बीच दूसरी-सबसे अधिक हिस्सेदारी थी।

बहुत सारे निवासी (86 फीसदी) मैनहट्टन या क्वींस में काम करते थे। औसत पहुँच समय 44 मिनट है, जो औसतन क्वींस के समान ही है, पर लगभग राष्ट्रीय औसत (27 मिनट) का दुगना है। आधे से अधिक कर्मचारी सबवे से आते-जाते हैं। इस इलाके में E, F, M, R तथा नं 7 सबवे लाइनों की सेवा है। ईस्ट एमहर्स्ट में निवासी कारों तथा बसों पर निर्भर करते हैं और उन्हें जरा ज्यादा चलना पड़ता है।

इस इलाके के निवासी कई सारे पेशों में शामिल थे । यहाँ के सबसे आम रोजगार थे- निर्माण कार्य, हाउसकीपर्स, जैनिटर्स, टैक्सी ड्राइवर्स, रिटेल कर्मचारी, रेस्त्रां कर्मचारी, प्रशासनिक सहायक तथा ऑफ़िस क्लर्क।

पूर्ण कालिक रूप से काम करने वाले कर्मचारियों ने औसतन $47,000 की आय प्राप्त की। दो-तिहाई से ज्यादान ने (68 फीसदी) वार्षिक रूप से $50,000 का उपार्जन किया, जो कुल मिलाकर क्वींस से (52 फीसदी) अधिक है। इस इलाके के केवल 8 फीसदी निवासियों ने $100,000 या ज्यादा का उपार्जन किया, जो क्वींस (13 फीसदी) से कम था।

जैक्सन हाइट्स इलाके का क्वींस के किसी भी अन्य मुहल्ले की तुलना में स्व-रोजगार प्राप्त निवासियों की सबसे अधिक हिस्सेदारी थी (15 फीसदी) है और शहर में छठा सबसे अधिक है। 12,650 स्व-रोजगार प्राप्त निवासियों में से, 90 फीसदी प्रवासी थे, जो सिटी के 55 मुहल्लों के बीच सबसे अधिक था।

U.S. सेंसस ब्यूरो के आकलन के अनुसार ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया में बेरोजगारी दर आर्थिक मंदी के चरम दौर 10.3 फीसदी से नीचे आई जो 2010 से 2017 तक 4.2 फीसदी पर गिर गई, जो क्वींस (5.2 फीसदी) की दर से सिटी की दर से (6.4 फीसदी) से कम थी।[3] हालांकि ईस्ट एमहर्स्ट में बेरोजगारी दर ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया की औसत दर से अधिक थी।

## पारिवारिक आय

ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया में वर्ष 2009 तथा 2012 के बीच की माध्य पारिवारिक आय में 16 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो शहर के 55 मुहल्लों की सबसे बड़ी गिरावट थी। वर्ष 2012, पारिवारिक आय ने तेजी से सुधार दिखाया, जो 31 फीसदी की वृद्धि के साथ 2017 में $56,600 (क्वींस से ज्यादा तेज) पर जा पहुँचा।

मजबूत विकास के बावजूद, पारिवारिक आय मुद्रास्फीति-समायोजित आधार पर 2009 से नीचे के स्थत पर थी और यह क्वींस के माध्य ($64,500) से नीचे रही। इसके अलावा, माध्य पारिवारिक आय ईस्ट एमहर्स्ट तथा नॉर्थ कोरोना में जैक्सन हाइट्स के मुकाबले कम रही।

पारिवारिक निर्धनता दर वर्ष 2010 में 20 फीसदी से घटकर वर्ष 2017 में 13 तक जा गिरा, जो शहर की दर से काफी कम थी और शहर के 55 मुहल्लों के बीच दूसरी सबसे बड़ी गिरावट रही। यह गिरावट निर्धनता में 15,200 कम लोगों को प्रदर्शित करती है।

जैक्सन हाइट्स प्रॉपर में पाँच-वर्ष की गरीबी दर (12.7 फीसदी) भी शहरवार दर से काफी कम थी, जहाँ ईस्ट एमहर्स्ट (18.8 फीसदी) तथा नॉर्थ कोरोना (19.5 फीसदी) की गरीबी दर शहरवार दर के समान ही थी।

जैक्सन हाइट्स में पाँच वर्ष की बाल गरीबी दर (16.6 फीसदी) शहरवार दर (27.8 फीसदी) के मुकाबले काफी कम रही। हालांकि, ईस्ट एमहर्स्ट की बाल गरीबी दर (26.9 फीसदी) तथा नॉर्थ कोरोना की (27.8 फीसदी) दर शहरवार दर के समान थी।

वर्ष 2017 में, इस इलाके के 13 घरों में सप्लीमेंटेड न्युट्रिशन असिस्टेंस प्रोग्राम लाभ (SNAP, जिसे फूड स्टैम्प्स के नाम से भी जाना जाता है) प्राप्त हुए। जबकि यह क्वींस की हिस्सेदारी के समान थी, पर शहरवार हिस्सेदारी (20 फीसदी) से यह कम थी। ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया के घरों की एक उच्च हिस्सेदारी (41 फीसदी) क्वींस (31 फीसदी) या सिटी (34 फीसदी) के मुकाबले मेडिकेड पर निर्भर करती थी।

## हाउसिंग

वर्ष 2017 में, जैक्सन हाइट्स इलाके में 49,500 घर मौजूद थे। तीन बटा पाँच हिस्से किराए की इकाइयाँ थीं। रेंटल वेकेंसी दर 0.7 फीसदी थी (शहरवार 3.5 की दर से कम), जो इस एरिया की लोकप्रियता का संकेत है। यह भी गौरतलब है कि उच्च आय वाले घर इस इलाके में आ रहे हैं। उदाहरण के लिए, वर्ष 2017 में, 1,400 किराए के घर के जिनकी आय $150,000 से ऊपर थी, जो 2005 में प्रदर्शित संख्या से दुगनी थी।

वर्ष 2009 में, औसत किराए में 26 फीसदी की वृद्धि हुई है जो घरेलू आय में वृद्धि दर (10 फीसदी) से लगभग तीन गुना तेज थी। औसत किराया 2017 में $1,500 था, जो क्वींस के औसत के समान ही था।

इस इलाके के लगभग आधे अपार्टमेंट अविनियमित हैं और उनके किराए बाजार दरों वाले हैं। जिलो मार्केट रिसर्च के अनुसार जैक्सन हाइट्स में मार्केट दर किराओं में 2011 तथा 2016 के बीच  32 फीसदी की वृद्धि हुई और तब से औसतन $2,200 तक रही (देखें चित्र 7)।

लगभग दो तिहाई परिवारों ने अपनी आय का 30 फीसदी हिस्सा वर्ष 2017 में किराए में खर्च किया, जो 2009 में 54 फीसदी के स्तर पर था। जैक्सन हाइट्स के लगभग 35 फीसदी परिवारों ने एक कठिन किराया दबाव झेला, जहाँ उन्होंने अपनी आय का लगभग आधा किराए में खर्च किया।


NYU फरमैन सेंटर ने वर्ष 2017 में प्रति 1,000 रेंटल यूनिट्स 23.6 गंभीर हाउसिंग कोड उल्लंघन दर्ज़ किया। भले ही यह शहरवार दर (51 गंभीर उल्लंघन) के आधे से कम हो, पर यह क्वींस (20.6 गंभीर उल्लंघनों) की दर से जरा अधिक ही थी।

इस इलाके के घरों के 38 फीसदी के लगभग लोगों के पास अपने खुद के घर थे, जो शहरवार गृह स्वामित्व दर (33 फीसदी) से अधिक का आंकड़ा था। लगभग आधे लोग एकल-परिवार वाले घरों में रहते थे और अन्य में से ज्यादातर कोओपरेटिव अपार्टमेंटों में रहते थे।

जिलो मार्केट रिसर्च के अनुसार 2006 तथा 2010 के बीच एकल-परिवार के घरों का मूल्य 21 फीसदी गिरा, जो आर्थिक मंदी के असर को दर्शाता है। कॉन्डोमिनियम्स तथा कोऑपरेटिव का मूल्य इतना अधिक नहीं गिरा (देखें चित्र 7), पर उनके मूल्य लंबे समय तक मंदी के चपेट में जरूर रहे।

उनके मूल्य 2013 में बढ़ने लगे और तेजी से पूर्वमंदी स्तर से अधिक पर जा पहुँचे। वर्ष 2018 तक, एकल-परिवार वाले घरों की औसत कीमत बढ़कर $861,700 तक जा पहुँची, जो 2006 के स्तर से 31 फीसदी अधिक थी। कोन्डोमिनियम्स तथा कोऑपरेटिव्स की औसत कीमत $488,600 तक जा पहुंची, जो 2006 के आंकड़े से 47 फीसदी अधिक थी।

**चित्र 7**




स्रोत: जिलो रेंट इंडेक्स; OSC विश्लेषण

स्रोत: जिलो होम वैल्यू इंडेक्स; OSC विश्लेषण

## मुहल्ले के स्कूल

जैक्सन हाइट्स इलाके में 21 पब्लिक एलीमेंटरी तथा मिडल स्कूल हैं (तीन स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स हिस्सों को कवर करते हैं) जिन्होंने 2017-2018 के स्कूल वर्ष में लगभग 20,200 को सेवा प्रदान की। 19 पारंपरिक एलीमेंटरी तथा मिड्ल स्कूल और दो चार्टर स्कूल थे। स्कूल की क्षमता में भले ही हाल के वर्षों में वृद्धि हुई है, जिसके तहत 2010 से चार नए स्कूल जुड़ गए हैं, पर स्कूल में क्षमता से अधिक विद्यार्थियों का होना चिंता का विषय बना हुआ है।

2018 में 19 पारंपरिक एलीमेंटरी तथा मिडल स्कूलों में से सत्रह स्कूल क्षमता से अधिक छात्रों के साथ परिचालित हो रहे थे। साथ स्कूल 125 फीसदी की क्षमता से अधिक पर परिचालित हो रहे थे, जिनमें क्षमता से 145 फीसदी अधिक पर परिचालित होने वाले कार स्कूल भी शामिल थे। अतिरिक्त आठ स्कूल 110 फीसदी तथा 125 फीसदी के बीच संचालित हो रहे थे।

न्यूयॉर्क सिटी के कैपिटल प्लान ने जैक्सन हाइट्स इलाके तथा आस-पास के इलाके में अगले पाँच वर्षों में 1,464 अतिरिक्त क्लासरूम सीट बनाने की माँग की है, जो क्षमता से अधिक भरे स्कूल की समस्या को हल करने के लिए आवश्यक संख्या से काफी कम है।

ग्रेड 3 से 8 में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या राज्यवार अंग्रेजी परीक्षाओं में दक्ष पाए गए, जहाँ उनकी संख्या 2014 में 25.9 से 2018 में बढ़कर 45.7 फीसदी पर जा पहुंची (शहरवार हिस्सेदारी के समान)। गणित दक्षता 44.6 फीसदी थी, जो शहरवार दर (42.7 फीसदी) से ऊँची थी।

जैक्सन हाइट्स में ऐरोस्पेस साइंस मैग्नेट स्कूल और साथ ही वॉन कॉलेज ऑफ़ ऐरोनॉटिक्स एंड टेक्नोलॉजी स्थित हैं, जो इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन तथा विमान के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखते हैं। लुईस मिडल स्कूल STEM तथा कला विषयों पर केंद्रित है। यह सभी न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूलों में टॉप 10 फीसदी में शुमार है।

## अपराध

115th प्रेसिंक्ट में, जो जैक्सन हाइट्स इलाके को कवर करता है, दर्ज़ किए बड़े अपराधों (यानी हत्या, बलात्कार, लूट, हमला, सेंधमारी, बड़ा लार्सेनी तथा ऑटो चोरी) में 2000 तथा 2018 के बीच 45 फीसदी की गिरावट हुई, जो शहरवार गिरावट के सदृश ही थी।

वर्ष 2018 में, प्रति 1,000 निवासियों पर 9.7 बड़े अपराध दर्ज थे, जो शहरवार अपराध दर (11.1 प्रति 1,000) से कम था। हालांकि बड़े आपराधिक हमलों तथा बड़े लार्सेनी की शिकायतों की संख्या वर्ष 2018 में 10 वर्ष पूर्व की तुलना में ऊंची थी। दर्ज़ किए यौन-अपराधों तथा गिरोह से जुड़ी गतिविधियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है।

## स्वास्थ्य समस्याएँ

न्यूयॉर्क सिटी डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ के अनुसार, जैक्सन हाइट्स इलाके में लोगों की जीवन प्रत्याशा शहरवार औसत से जरा ऊपर है और इस इलाके को कैंसर तथा दिल के रोग से होने वाली समय पूर्व मौतों में निचला स्तर प्राप्त है। इसके बावजूद, 28 फीसदी निवासी के पास हेल्थ इंश्योरेंस की पहुँच की कमी थी, जो शहरवार हिस्सेदारी का दुगना तथा क्वींस की हिस्सेदारी से अधिक थी।

भले ही किशोर गर्भ दर में न्यूयॉर्क सिटी भर में कमी आयी है, पर शहर की तुलना में जैक्सन हाइट्स में किशोरी माँओं की दर 45% अधिक है। बाल मोटापा शहरवार औसत से ऊपर है, पर वयस्क मोटापा कम है। भले ही HIV के नए चिह्नित रोगियों की संख्या जैक्सन हाइट्स में एक तिहाई ऊँची है, पर हेपाटाइटिस सी के नए रोगियों की दर शहरवार दर से आधी है।

---

1 ग्रेटर जैक्सन हाईट्स एरिया की सभी जनसंख्या तथा जनांकिकी डेटा अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे (ACS) 2017 के लिए 1-वर्ष फ़ाइल से प्राप्त हुआ। उप-मुहल्ला के डेटा ACS 5-वर्ष फ़ाइल, 2013-2017 से लिया गया।

2 न्यूयॉर्क सिटी डिपार्टमेंट ऑफ़ फाइनेंस ने फरवरी 28 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वार्षिक करयोग्य सेल्स डेटा प्रस्तुत किया है। स्टेट कॉम्प्ट्रोलर के कार्यालय उस कैलेंडर वर्ष के लिए डेटा प्रदान किया जिसमें ज्यादातर महीने शामिल हैं।

3 इस चर्चा में यूएस सेंसस ब्यूरो से मिली बेरोजगारी दर न्यूयॉर्क स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ लेबर द्वारा सूचित बेरोजगारी दर से भिन्न हैं, क्योंकि वे विभिन्न सर्वेक्षण का उपयोग करते हैं।

न्यूयॉर्क सिटी के लिए स्टेट डिप्टी कॉम्प्ट्रोलर के कार्यालय द्वारा निर्मित

न्यूयॉर्क स्टेट कॉम्प्ट्रोलर का कार्यालय
110 स्टेट स्ट्रीट, 15th फ्लोर, ऐल्बैनी, NY 12236
(518) 474-4015 www.osc.state.ny.us